मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 142 ■ बुधवार, 21 अगस्त 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com


पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..
मालती के साथ डिज्नीलैंड में दिखीं प्रियंका चोपड़ा

# बदलापुर में 10 घंटे चला रेल रोको

## आंदोलनकारी आरोपी को फांसी देने की कर रहे थे मांग

- बदलापुर में रिक्शा, दुकानें बंद
- 10 घंटे ठप रही रेल सेवा
- स्कूल में तोड़फोड़

- पुलिस ने POCSO एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी अक्षय शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है।
- इलाके की महिला इंस्पेक्टर शुभदा शितोले का ट्रांसफर कर दिया गया है।
- स्कूल प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक महिला कर्मचारी को निलंबित किया गया है।



**बदलापुर.** बदलापुर के आदर्श विद्यामंदिर स्कूल में 2 मासूम विद्यार्थियों के साथ हुए दुराचार पर आक्रोशित बदलापुर वासियों ने मंगलवार सुबह 8 बजे से जोरदार आंदोलन शुरू किया. मंगलवार सुबह 8 बजे से बदलापुर स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन किया गया. 10 घंटे तक आंदोलनकारी पटरियों पर जमे रहे, जिससे रेल सेवाएं ठप होकर रही गई. पुलिस ने आरोपी अक्षक शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है. महाराष्ट्र सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है.

आंदोलनकारियों को समझाने के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. मंत्री गिरीश महाजन ने हर तरह से घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन रोष में आए लोगों की मांग थी आरोपी को हमारे सामने लाओ और आज के आज फांसी दो. गुस्से में आए लोगों ने स्कूल की सुरक्षा में लगे पुलिसवालों को ढकेलते हुए गेट तोड़कर स्कूल में प्रवेश किया और खिड़कियां, कुर्सी, टेबल आदि को नुकसान पहुंचाया. सरकार की ओर से गृह राज्यमंत्री ने दिल्ली से ये घोषणा की कि एसआईटी का गठन कर दिया गया है. चार्जशीट जल्द पेश करके फास्ट ट्रैक कोर्ट में जल्द फैसला कर आरोपी को सख्त सजा दी जाएगी. इस घोषणा के बाद भी लोग आंदोलन करते रहे. आंसू गैस छोड़ा गया, तो आंदोलनकारियों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया और फांसी-फांसी के नारे लगाते रहे. महिला आंदोलनकारी ज्यादा थे. उग्र आंदोलन के कई कारण बताए जा रहे हैं.


पीड़ित बच्ची के माता-पिता की शिकायत दर्ज करने में 12 घंटे क्यों लगाए गए? स्कूल प्रशासन ने तीन दिन तक पालकों के सामने आकर खुलासा क्यों नहीं दिया. स्कूल का सीसीटीवी बंद क्यों है? आंदोलनकारियों ने दोपहर का भोजन तक नहीं किया है. लोकल ट्रेनें शाम तक बंद रहीं. मुंबई से अंबरनाथ तक ट्रेनें शुरू थी. कर्जत से कल्याण तक ट्रेनें बंद रहीं. रेलवे के जनरल मैनेजर ने भी आंदोलनकारियों से रेलवे ट्रैक से हट जाने की अपील की. मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री ने भी अपील की लेकिन आंदोलनकारी अपनी मांग पर डटे रहे. <बदलापुर शहर का पूरा कारोबार ठप हो गया. दुकानें रिक्शा सभी बंद रहे. बदलापुर आंदोलन का असर अंबरनाथ में भी देखने को मिल रहा है. बदलापुर कर्जत तक ट्रेनें नहीं जाने से अंबरनाथ में ही प्रवासी रिक्शा से बदलापुर जा रहे हैं. रिक्शा चालकों ने लोगों से मनमानी रकम वसूल किया है. अंबरनाथ स्टेशन, रेलवे प्लेटफार्म पर भीड़ बहुत ज्यादा देखी गई. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के पास भी बैरिकेड लगा दिए गए. पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रही. स्कूल की मुख्य अध्यापिका एवं 2 शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है.

### कौन है आरोपी अक्षय शिंदे?



- अक्षय शिंदे संबंधित स्कूल में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करता था. जिस स्कूल में यह घटना हुई वह बदलापुर का एक प्रतिष्ठित स्कूल है. इस स्कूल में मराठी और अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाती है. इस स्कूल में मराठी माध्यम पूरी तरह से अनुदानित है जबकि अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं गैर अनुदानित हैं. स्कूल में स्टूडेंट्स की संख्या करीब 1200 है.
- इस मामले का आरोपी अक्षय शिंदे संबंधित स्कूल में सफाई कर्मचारी था. उनकी उम्र 24 साल है. उसे एक सफाई कंपनी ने काम पर रखा था. दिलचस्प बात यह है कि उन्हें छोटी लड़कियों को वॉशरूम तक ले जाने की जिम्मेदारी दी गई थी. 14 अगस्त को यह बात सामने आई कि उसने दो नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण किया.

# SIT करेगी बदलापुर यौन उत्पीड़न की जांच



### सरकार का ताबड़तोड़ ऐक्शन

**ठाणे.** महाराष्ट्र सरकार ने ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल की दो छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए मंगलवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। राज्य सरकार ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए महानिरीक्षक आरती सिंह के नेतृत्व में SIT की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अगर पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्य का पालन करने में दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि फडणवीस राज्य के गृह मंत्री भी हैं। फडणवीस ने कहा, हमने मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चलाने का फैसला किया है। ठाणे पुलिस आयुक्त को मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट को सौंपने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। आईपीएस अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में एसआईटी जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

### आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया

राज्य सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्री और भाजपा नेता गिरीश महाजन और स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर को बदलापुर जाकर स्थिति को संभालने के लिए नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और स्कूल मैनेजमेंट की गलती की जांच करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, मैंने पुलिस आयुक्त से बात की है और उनसे आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। पुलिस से हत्या के प्रयास, बलात्कार के प्रयास और पोक्सो की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू करने को कहा गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मैंने पुलिस से स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ भी जांच शुरू करने को कहा है।

### उज्जवल निकम करेंगे पैरवी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बदलापुर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जांच तेजी से करने और मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने का एलान किया है। इस मामले में वरिष्ठ वकील उज्ज्वल निकम को विशेष सरकारी वकील नियुक्त किया गया है। यह निर्णय घटना की गंभीरता को देखते हुए लिया गया है।

### 'विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा'

इस बीच देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे पूर्व मुख्यमंत्री हैं और सुप्रिया सुले एनसीपी-एसपी की वरिष्ठ नेता हैं। हम उनसे उम्मीद करते हैं कि वे इस मामले में संवेदनशील होंगे और इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करेंगे। पुलिस और राज्य सरकार मामले को संवेदनशीलता के साथ संभाल रही है ताकि स्थिति हाथ से बाहर न निकल जाए।

## आखिरकार बदलापुर रेलवे स्टेशन पर लाठीचार्ज

- प्रदर्शनकारियों को हटाया गया
- दस घंटे बाद रेलवे ट्रैक हुआ खाली



**बदलापुर.** छोटी बच्चियों के साथ हुई दरिंदगी से नाराज बदलापुरवासियों ने सुबह साढ़े नौ बजे से बदलापुर रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन कर रेलवे लाइन को जाम कर दिया. मंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की लगातार मिन्नतों और अपीलों के बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं हटे.

आखिरकार शाम करीब छह बजे पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाईं और दस मिनट के अंदर रेलवे ट्रैक खाली करा दिया. पुलिस के लाठीचार्ज के बाद प्रदर्शनकारी पटरी से हटे. इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया.

बदलापुर के आदर्श स्कूल में बच्चों के साथ हुई दरिंदगी के बाद सुबह से ही शहर में सख्त बंद रहा. सुबह छह बजे से अभिभावकों ने आदर्श स्कूल के सामने धरना शुरू कर दिया. 9:30 बजे के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना मार्च रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ा दिया. प्रदर्शनकारियों ने रेलवे ट्रैक जाम कर दिया. इसके चलते बदलापुर कर्जत रेलवे सेवा पूरी तरह से बंद हो गई. इससे हजारों रेल यात्री प्रभावित हुए. पुलिस की बार-बार अपील के बावजूद प्रदर्शनकारी नहीं हटे। रेलवे पुलिस, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, मंत्री गिरीश महाजन स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ प्रदर्शनकारियों के पास पहुंचे। लेकिन फिर भी प्रदर्शनकारी वहां से नहीं हटे. इसके कारण करीब नौ से दस घंटे तक रेलवे लाइन बाधित रही. आख़िरकार शाम 6:00 बजे के करीब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसानी शुरू कर दीं. इसलिए दस से पंद्रह मिनट में रेलवे ट्रैक खाली करा लिया गया। लाठीचार्ज के बाद प्रदर्शनकारी उग्र हो गये. उन्होंने पुलिस पर पथराव भी शुरू कर दिया. रेलवे स्टेशन से धरना हटने के बाद स्टेशन के बाहर प्रदर्शनकारी रेलवे स्टेशन में घुसने की कोशिश कर रहे थे. लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया.

पिछले नौ-दस घंटे से बंद पड़ी लोकल सेवा को चालू करना जरूरी था. रेलवे पुलिस कमिश्नर रवींद्र शिसवे ने मीडिया को बताया कि अब रूट साफ हो गया है और रेलवे सेवा शुरू करने की कोशिशें जारी हैं.

## स्कूल में भी तोड़फोड़



**बदलापुर.** मंगलवार सुबह 8 बजे घटना से गुस्साए लोग बदलापुर रेलवे स्टेशन की पटरियों पर खड़े होकर प्रदर्शन करने लगे। कई ट्रेनों को रोका गया। पुलिस ने भीड़ में काबू पाने के लिए प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। पुलिस पर भी पथराव हुआ है।

दूसरी तरफ लोगों ने स्कूल के अंदर घुसकर प्रदर्शन और तोड़फोड़ की। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सुबह 9 बजे से शुरू हुए लोगों के विरोध-प्रदर्शन की वजह से कल्याण- बदलापुर लोकल ट्रेन सर्विस ठप पड़ी है। कई संगठनों ने आज विरोध में बदलापुर बंद का ऐलान किया है।

## आंदोलनकारियों ने विधायक किणीकर की बात नहीं सुनी



**बदलापुर.** बदलापुर में दस घंटे रेल रोको करनेवाले आंदोलनकारियों को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मंत्री समझाते रहे, लेकिन वह हटने को तैयार नहीं थे. आखिर शाम पौने 6 बजे अंबरनाथ के विधायक बालाजी किणीकर ने प्लेटफार्म पर खड़े होकर समझाने लगे, लेकिन जब वे नहीं माने तो किणीकर ने जोरदार आवाज में कहा कि सब ट्रैक से हट जाएं और हाथ के इशारे से कहा कि चलो चलो, ट्रैक से बाहर निकलो. तब भी वह नहीं माने, तो पास में खड़े हुए पुलिस कर्मी रेलवे ट्रैक पर उतर गए और लाठी चार्ज शुरू कर दिया. आंदोलनकारी रेल ट्रैक छोड़कर इधर-उधर बागने लगे. बाद में पुलिस, रेलवे आरपीएफ ने आंदोलनकारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, जिसमें कुछ लोग घायल हुए, वहीं पत्थरबाजी में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए है. आंदोलनकारी जब स्टेशन से बाहर आए तो बाहर खड़ी एक एसटी बस के कांच को पत्थर मार कर फोड़ दिया. साथ की कुछ कारों में भी तोड़फोड़ की गी. कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. ट्रैक पर चप्पलों का ढेर देखा गया. वहीं किणीकर भी प्लेटफार्म से बाहर की ओर चले गए.

## देर शाम शुरू हुई लोकल सेवा






**बदलापुर.** इस आंदोलन के कारण मुंबई पुणे रेलवे यातायात ठप हो गया और अंबरनाथ और खोपोली के बीच 42 लोकल ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं. बता दें कि शाम को स्टेशन पर भीड़ बढ़ने की वजह से पुलिस ने लाठी चार्ज कर के भीड़ को तित्तर- भीतर किया था। हालांकि सुबह से ही सीएसएमटी और अंबरनाथ के बीच सेवा सुचारु रूप से चल रही थी।

अधिकारी ने बताया कि कोयना एक्सप्रेस को बदलापुर के पास से वापस कल्याण और फिर दिवा और पनवेल के रास्ते कर्जत की ओर भेजा गया था। डीआरएम मुंबई सीआर ने सोशल मीडिया एक्स @drmmumbaicr पर जानकारी देते हुए बताया कि "बदलापुर-कर्जत की ओर ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू कर दी गई हैं।" डीआरएम मुंबई सीआर ने शाम को 8 बजकर 20 मिनट पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू होने की जानकारी दी।

### 42 सेवाएं रद्द

अंबरनाथ और कर्जत स्टेशन के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं सुबह 10:10 बजे से निलंबित कर दी गई थी और इस वजह से 15 एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में बदलाव भी गया था। शाम 8 बजे तक 42 लोकल ट्रेन कैंसिल की गई थी, जिसके बाद शाम 8:05 बजे पहली ट्रेन बदलापुर स्टेशन पहुंची।

### डायवर्ट ट्रेनों की सूची

22159 - सीएसएमटी - चेन्नई एक्सप्रेस
11019 - कोणार्क एक्सप्रेस
22732 - हैदराबाद एक्सप्रेस
22497 - तिरुचिरापल्ली हमसफ़र एक्सप्रेस
19667 - मैसूर हमसफ़र एक्सप्रेस
11029 - कोयना एक्सप्रेस
22731 - हैदराबाद-मुंबई सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस
22226 - सोलापुर- सीएसएमटी वंदे भारत एक्सप्रेस
14805-यशवंतपुर-बाड़मेर एसी एक्सप्रेस
11014 - कोयंबटूर - मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस
12164 - चेन्नई सेंट्रल - मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस

## 55 बसें चलाई गई

बता दें कि मध्य रेलवे ने कल्याण से कर्जत तक यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 100 बसें उपलब्ध कराने के लिए राज्य परिवहन से मदद मांगी थी, जिसके बाद 55 बसें उपलब्ध कराई गई थी। मध्य रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल नीला ने बताया कि कल्याण-कर्जत खंड पर स्थित स्टेशन पर अतिरिक्त जवान तैनात किए हैं। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा प्रबंधक, आरपीएफ के 60 जवान और 10 अधिकारी राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) कर्मियों के साथ बदलापुर स्टेशन पर नज़र बनाए रखे थे।जिनके कारण यह पूरा प्रकरण ने बड़ा रूप नहीं लिया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस, आरपीएफ व जीआरपी पर आंदोलनकारियों ने पथराव भी किया। मंगलवार को शहर बंद का एलान भी किया गया था। दुकाने बंद होने से एक बड़ी अनहोनी बच गई। इसके बाद पुलिस हल्का बल प्रयोग भी किया।

### मरीज, परिजन, स्टाफ की दुर्दशा

सुबह 10 बजे से ही आंदोलन के कारण ट्रेन रोके जाने से मुंबई, ठाणे इलाज कराने जा रहे मरीजों, भर्ती मरीजों के परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में कानून-व्यवस्था ख़राब होने के कारण कई कार्यालय और कंपनियां बंद हो गईं, जो नागरिक सुबह कार्यालय आए उनके पास लौटने का कोई रास्ता नहीं था, इसलिए कर्मचारियों को पूरे दिन शहर में और रेलवे स्टेशन पर रहना पड़ा।

## अंबरनाथ के आगे नहीं चली लोकल




बदलापुर में आंदोलनकारियों द्वारा रेल ट्रैक पर बैठ जाने से रेल सेवा ठप हो गई. मुंबई सीएसएमटी से अंबरनाथ तक ही लोकल ट्रेनें चलाई जा रही थीं. सुबह 10 बजे से कर्जत से अंबरनाथ, मुंबई तक की लोकल ट्रेनें बंद रहीं. कई एक्सप्रेस ट्रेनों को भी अंबरनाथ और बदलापुर के पास रोके रखा गया. अंबरनाथ स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ हो गई थी. ये प्रवासी बाद में स्टेशन चौक पश्चिम में जमा हो गए थे. आटो रिक्शा वालों ने बदलापुर जाने के लिए मनमानी रकम वसूल किया. रेलवे स्टेशन और चौक पर पुलिस का बंदोबस्त बढ़ा दिया गया था. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के आसपास भी बेरीकेड लगाए गए थे. सुबह 11 बजे से शाम तक यूपी की ओर जाने वाली मेल एक्सप्रेस को कल्याण से कसारा की ओर मोड़ दिया गया था.

## तेज रफ्तार कार ने 4-5 लोगों को उड़ाया



**अंबरनाथ.** एक तरफ बदलापुर में दिन भर विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है, वहीं दूसरी तरफ अंबरनाथ में बदलापुर-अंबरनाथ रोड पर भयानक हादसा हो गया. एक चार पहिया वाहन चालक ने एक विवाद के बाद 4-5 लोगों को कार से उड़ाकर कर भागा और इसके बाद वह वापस आया और दूसरी कार को जोरदार टक्कर मार दी.

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. एक कार का दरवाजा खुला ही था कि अचानक दूसरी चार पहिया गाड़ी आई और दोनों को उड़ा दिया. वह सड़क पर गिर गया. उसे अकेला छोड़कर वहशी ड्राइवर दोबारा आया और वही कार उसके पीछे घुसा दी. तो खड़ी कार के पीछे दो बाइक सवार कार के नीचे आ गए.. एक अन्य व्यक्ति को उड़ा दिया. मालूम हो कि इस घटना में पांच लोग घायल हो गये. एक की हालत गंभीर है. घटना मंगलवार शाम करीब पांच बजे की है. हादसे में शामिल दोनों गुट एक दूसरे के रिश्तेदार बताये जा रहे हैं.

पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची वहां दो चार पहिया वाहन फॉर्च्यूनर कार (क्रमांक एमएच 01 डीके 4357) और काले रंग की सफारी कार (क्रमांक एमएच 05 एफबी 7227) थी।

पुलिस के मुताबिक सफारी कार के मालिक बदलापुर पश्चिम अष्टविनायक पार्क निवासी 32 वर्षीय सतीश बिंदेश्वर शर्मा को चिखलोली अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस संबंध में पता चला है कि फॉर्च्यूनर कार के मालिक उनके पिता बिंदेश्वर लाल बहादुर शर्मा (57), (नेवी नगर, कोलाबा, मुंबई निवासी) और सतीश शर्मा का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है। मंगलवार को उनके पिता परिवार के अन्य सदस्य पत्नी, बहू, नातू, भाभी व भतीजा व नातू दक्ष को लेकर मुंबई की ओर जा रहे थे.

सतीश इस बात से नाराज था कि दक्ष को ले जाया जा रहा था, इसलिए उसने टाटा सफारी में उनका पीछा किया. दुर्घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उनके बीच बहस हुई. सतीश ने अपनी सफारी कार से अपने पिता की फॉर्च्यूनर कार को टक्कर मार दी। टक्कर में कार के पीछे बैठे दो लोगों को मामूली चोटें आईं। इस संबंध में अस्पताल में दोनों पक्षों के बयान दर्ज करने के बाद अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है.

### अस्पताल में 11 वर्षीय दिव्यांग लड़की से छेड़छाड़

**ठाणे.** बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ कुकृत्य का मामला गरम है इस बीच कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल परिसर में एक दिव्यांग लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है. छेड़छाड़ के आरोप में 42 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

बताया गया कि आरोपी कथित तौर पर 11 वर्षीय बच्ची को पूर्वाह्न करीब 11 बजे अस्पताल परिसर में ले लाया और उसने उसके साथ छेड़छाड़ की. पुलिस के मुताबिक एक मरीज के रिश्तेदार ने आरोपी को यह सब करते हुए पकड़ लिया और शोर मचा दिया. आरोपी ठाणे के विटावा क्षेत्र का निवासी है और उसे भारतीय न्याय संहिता एवं बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है

## राकांपा द्वारा महिलाओं के लिए तीज मेले का आयोजन







**उल्हासनगर.** सावन के महिने में पौर्णिमा के बाद का तिसरा दिन कृष्ण तृतिया पर तीजरी मनाई जाती है. भारत की महिलाओं में और खास कर सिंधी समाज की महिलाओं में इस त्योहार की विशेष रुप से मान्यता है. राष्ट्रवादी कॉग्रेस पार्टी इस त्योहार को धुमधाम से मना रहीं है. 20 और 21 अगस्त को दो दिन गोलमैदान स्थित रॉयल बॅन्क्वेट हॉल में तीजरी मनाई जायेगी.

सिंधी समाज के पावन पर्व तिजड़ी पर महिलाओं के लिए तीज मेले का आयोजन उल्हासनगर राकांपा जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) व प्रदेश महासचिव सोनिया धामी द्वारा आयोजित किया गया है। 20 व 21 अगस्त को दोपहर 12 से रात 12 बजे तक महिलाओं के लिए मुफ्त मेहंदी के साथ सांस्कृतिक व संगीतमय कार्यक्रम रखे गए हैं। मंगलवार को इस मेले में सैकड़ों महिलाओं ने 50 से अधिक मेहंदी कलाकारों से मेहंदी लगाई और तीज मेले का लाभ उठाया। आज मेले का अंतिम दिन है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## मददगारों पर हमले खतरनाक

दुनिया भर में युद्ध व अन्य संघर्षों से प्रभावित होने वाले आम नागरिकों की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र समेत कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां मानवीय आधार पर काम कर रही हैं। वे संकट के दौरान लोगों को भोजन-पानी, वस्त्र और आश्रय स्थल आदि मुहैया कराते हैं। मगर यह अफसोसनाक है कि संघर्ष के दौरान लोगों की जिंदगी बचाने वाले इन सहायताकर्मियों पर ही हमले हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामले समन्वय कार्यालय की एक रपट के मुताबिक पिछले साल दुनियाभर में संघर्षों में रेकार्ड संख्या में सहायता कर्मी मारे गए और यह वर्ष और भी घातक हो सकता है।

वर्ष 2023 में तैंतीस देशों में संघर्षों के दौरान 280 सहायता कर्मी मारे गए, जो 2022 के 118 के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक हैं। गत वर्ष मारे गए कुल सहायताकर्मियों में से आधी से अधिक मौतें इजराइल-गाजा युद्ध के पहले तीन महीनों में दर्ज की गईं। सूडान और दक्षिण सूडान तथा रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष में भी सहायता कर्मियों पर हमले हो रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रपट में ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि वर्ष 2024 और भी घातक परिणाम की राह पर हो सकता है, क्योंकि इस वर्ष अब तक सात अगस्त तक ही दुनियाभर में संघर्षों में 172 सहायताकर्मियों की मौत हो चुकी है। यानी सहायताकर्मियों को इसी तरह निशाना बनाया जाता रहा तो आने वाले महीनों में उनके हताहत होने का आंकड़ा तेजी से बढ़ेगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बीते मई माह में सहायताकर्मियों पर हमलों को लेकर एक निंदा प्रस्ताव पारित कर सभी देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार मानवीय कार्यकर्ताओं की रक्षा करने का आह्वान किया था।

रेड क्रास की अंतरराष्ट्रीय समिति का भी मानना है कि संघर्ष के दौरान सहायताकर्मियों पर हमले करने वालों की जिम्मेदारी तय कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानूनों के कठघरे में लाना चाहिए। सवाल यह है कि विभिन्न संघर्षों के दौरान घायल व अन्य तरह से प्रभावित लोगों के जीवन को बचाने में जुटे राहतकर्मियों को आखिर क्यों निशाना बनाया जा रहा है? युद्ध के दौरान आम नागरिकों, किसी भी शरण लेने वाली जगह से लेकर स्कूलों-अस्पतालों आदि पर हमले नहीं करने को लेकर जो अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए गए हैं, उनका पालन नहीं करने वाले देशों को कठघरे में खड़ा क्यों नहीं किया जा रहा है?

# समाधान : अक्षय ऊर्जा अपनाना समय की मांग

पिछले चार-पांच दशकों में विश्व की बढ़ती हुई आबादी के लिए ऊर्जा की मांग काफी तेजी से बढ़ रही है। इस मांग को नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। अब नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का इकलौता विकल्प रह गया है, क्योंकि यही कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करके पर्यावरण की सुरक्षा करने में मददगार है। नवीकरणीय ऊर्जा विकल्प प्रचुर मात्रा में सरलता से उपलब्ध हैं। इन पर किसी भी देश का एकाधिकार नहीं होता है। इस कारण इनकी आपूर्ति आसानी से की जा सकती है। वर्ष 2004 में केंद्र सरकार ने तय किया था कि 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस के तौर पर मनाया जाएगा, ताकि अक्षय ऊर्जा या नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। पिछले कई दशकों से हम जिन ऊर्जा स्रोतों का जीवाश्म ईंधन के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं, वे सीमित हैं। निरंतर दोहन के कारण उनका भंडार कम होता जा रहा है। दूसरी बात है कि जीवाश्म ईंधन प्रदूषणकारी भी हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने 2030 के अंत तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें पवन ऊर्जा से 140 गीगावाट, सौर ऊर्जा से 280 गीगावाट, बायोमास ऊर्जा और लघु जलविद्युत परियोजनाओं से 80 गीगावाट ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य शामिल है।

सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जैसे राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन, जिसका लक्ष्य अनुसंधान एवं विकास और कच्चे



माल तथा उत्पादों के घरेलू उत्पादन से देश में सौर ऊर्जा उपयोग की लागत को कम करना है। केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन भी किया गया है। पेरिस में 30 नवंबर, 2015 को संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान भारत और फ्रांस ने इसकी संयुक्त शुरुआत की थी। कर्क और मकर रेखा के बीच आंशिक या पूर्ण रूप से बसे हुए 122 सौर संसाधन संपन्न देशों के इस गठबंधन का मुख्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में है। इस फ्रेमवर्क में वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा और उन्नत व स्वच्छ जैव-ईंधन प्रौद्योगिकी के लिए शोध में निवेश को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

साफ धूप वाले दिनों में सौर ऊर्जा का औसत पांच किलोवाट घंटा प्रति वर्गमीटर होता है। एक मेगावाट सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिए लगभग तीन हेक्टेयर समतल भूमि की आवश्यकता होती है। उष्ण-कटिबंधीय देश होने के कारण हमारे यहां वर्ष भर में सूर्य का प्रकाश लगभग 3,000 घंटे तक मिलता है। सौर ऊर्जा उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान रूफटॉप सौर उर्जा और सोलर पार्क का है। यह देश में बिजली उत्पादन की स्थापित क्षमता का 16 प्रतिशत है। सरकार का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना है।

एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2035 तक देश में सौर ऊर्जा की मांग सात गुना तक बढ़ने की संभावना है। सौर ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने से जीडीपी दर भी बढ़ेगी। हमारे देश ने संकल्प लिया है कि वर्ष 2030 तक बिजली उत्पादन की हमारी 40 फीसदी स्थापित क्षमता ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों पर आधारित होगी। राष्ट्रीय पवन-सौर स्वच्छता नीति-2018 के अनुसार, पवन-सौर ऊर्जा उत्पादन के वर्तमान लक्ष्य 80 गीगावाट को वर्ष 2022 तक दोगुने से भी ज्यादा अर्थात 225 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

सरकार द्वारा ग्रिड से जुड़े हुए रूफटॉप और छोटे सौर ऊर्जा संयंत्र कार्यक्रमों का भी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिनके तहत अलग-अलग क्षेत्रों में 2100 मेगावाट की क्षमता स्थापित की जा रही है। इस कार्यक्रम में सामान्य श्रेणी वाले राज्यों में लागत के 30 प्रतिशत तक और विशेष श्रेणी वाले राज्यों में लागत के 70 प्रतिशत तक केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय सहायता मुहैया कराई जा रही है।

हालांकि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कई चुनौतियां भी हैं। लोगों में नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर जागरूकता का अभाव है, जिससे उपलब्ध क्षमता के बावजूद भी नवीकरणीय ऊर्जा का दोहन काफी कम है। साथ ही कुशल मानव संसाधनों का भी अभाव है। भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचा मजबूत करने की जरूरत है। इसके साथ ही ऊर्जा के नए स्रोत तलाशना भी जरूरी है। सौर ऊर्जा के साथ साथ समुद्र तटीय क्षेत्रों में पवन और जल ऊर्जा से बिजली पैदा करके ऊर्जा जरूरत को पूरा किया जा सकता है।




प्रभु ने हमें इस अंधकारमय संसार में अकेला नहीं छोड़ा है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# 'अमीरों का शहर' न्यूयार्क, यहां हर 24वां आदमी है करोड़पति

दुनिया का हर इंसान पैसा चाहता है. शायद ही आप किसी ऐसे शहर के बारे में जानते हों, जहां सिर्फ और सिर्फ अमीर लोग रहते हैं. यहां का हर 24वां आदमी करोड़पति है और इनकी संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है. आप सोच रहे होंगे कि ये शहर कहां हो सकता है, तो आपको बता दें कि ये सुपरपावर अमेरिका की एक ड्रीम सिटी है.

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में हर 24वां व्यक्ति करोड़पति है. हेनले एंड पार्टनर्स की ओर से जारी सबसे अमीर शहरों की इस सूची के मुताबिक न्यूयॉर्क में लगभग 3,49,500 करोड़पति रहते हैं. पिछले 10

**जरा हट के**

वर्षों में ये संख्या लगभग 48 प्रतिशत बढ़ी है. न्यूयॉर्क की कुल जनसंख्या लगभग 82 लाख है, ऐसे में वहां रहने वाला हर 24वां शख्स करोड़पति है. रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूयॉर्क में 60 सुपर रिच लोग भी रहते हैं, जबकि 744 लोगों के पास



100 मिलियन डॉलर से ज्यादा की संपत्ति है.

इस सूची में हेनले एंड पार्टनर्स ऐसे लोगों को शामिल करते हैं जिनके पास कम से कम 1 मिलियन डॉलर का निवेश है. दूसरे स्थान पर सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र है, जिसमें 3,05,700 करोड़पति रहते हैं. सूची में तीसरे स्थान पर मौजूद टोक्यो में 2,98,300 करोड़पति हैं. हालांकि, एक दशक में इस शहर में करोड़पतियों की संख्या में 5 प्रतिशत की कमी आई है. सूची में चौथे स्थान पर मौजूद सिंगापुर में 2,44,800 करोड़पति हैं.

भारत का कोई शहर इसमें टॉप 10 का हिस्सा नहीं है लेकिन पिछले एक दशक में यहां अमीर लोगों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है. वहीं, लंदन में करोड़पतियों की संख्या में एक दशक में 10 फीसदी की गिरावट आई है.

# हादसों की रेल और मुसाफिरों की सुरक्षा

अब तो रेल हादसे जैसे आए दिन की बात हो गए हैं। पिछले दो महीने में शायद ही कोई हफ्ता बीता हो, जब कहीं न कहीं कोई बड़ी रेल दुर्घटना न हुई हो। शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात को साबरमती एक्सप्रेस के बाईस डिब्बे पटरी से उतर गए। गनीमत है, उसमें कोई हताहत नहीं हुआ। हादसा कानपुर के पास रात के करीब ढाई बजे हुआ, जब गाड़ी में ज्यादातर लोग सो रहे थे। ट्रेन चालक का कहना है कि इंजन किसी भारी चीज से टकराया, वह जब तक गाड़ी रोकता, डिब्बे पटरी से उतर चुके थे।

वर्षों से ट्रेनों में टक्कररोधी उपकरण लगाने और पटरियों को अधिक सुगम बनाने की योजना पर काम चल रहा है। वर्तमान सरकार ने कवच नामक उपकरण विकसित किया, जिसे लगाने के बाद गाड़ियों में हादसों की आशंका शून्य होने का दावा किया जाता रहा है। मगर अभी तक यह प्रणाली कुछ ही जगहों पर लग पाई है। ट्रेनों के संचालन को कंप्यूटरीकृत करने पर जोर है, बहुत सारे रास्तों पर यह काम भी करता है। मगर कई हादसों में देखा जा चुका है कि सिग्नल प्रणाली ठीक से काम न करने की वजह से गाड़ियां आपस में टकरा गईं, तो कहीं किसी गाड़ी को गलत पटरी पर रवाना कर दिया गया। एक ही पटरी पर दो विपरित दिशाओं से गाड़ियों के आने के भी उदाहरण हैं।

तस्वीरों में साफ देखा जा रहा है कि इंजन के आगे जानवरों आदि से सुरक्षा के लिए लगा लोहे का हिस्सा टकरा कर टूट चुका है। समझना मुश्किल है कि इतना भारी पत्थर रेल की पटरियों पर आया कैसे। अगर कोई पहाड़ी इलाका होता, तो



माना जा सकता था कि ऊपर से खिसक कर पत्थर वहां आ गया होगा। खैर, सच्चाई तो जांच के बाद पता चलेगी, पर असल सवाल जस का तस बना हुआ है कि आखिर रेल सुरक्षा को लेकर कब मुसाफिरों में भरोसा बन सकेगा।

गाड़ियों के पटरी से उतरने की वजहें छिपी नहीं हैं। यात्रियों का दबाव कम करने के मकसद से हर वर्ष कुछ नई गाड़ियां चला दी जाती हैं। त्योहारों के वक्त विशेष गाड़ियां भी चलाई जाती हैं। फिर, माल ढुलाई के लिए रेल यातायात पर दबाव लगातार बढ़ता गया है। मगर पटरियों की क्षमता का आकलन ठीक से नहीं किया जाता। देश की ज्यादातर पटरियां अपनी क्षमता से अधिक भार वहन कर रही हैं। ऐसे में दबाव पड़ने से उनमें टूटन स्वाभाविक है।

पिछले वर्षों में रेलवे स्टेशनों को चमकाने पर जोर तो खूब दिया गया। इसमें निजी कंपनियों को भी शरीक किया गया। रेल भाड़े में बढ़ोतरी की गई, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट समाप्त कर दी गई। इस तरह रेलवे का मुनाफा बढ़ाने का हर प्रयास किया गया। मगर रेल सुरक्षा के मामले में स्थिति दयनीय बनी हुई है। अब भी रेलों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म, चोरी और लूट जैसी घटनाएं रुक नहीं पाई हैं। रेलों के समय पर न पहुंचने को तो जैसे लोगों ने सहज स्वीकार कर लिया है।

मगर मुसाफिरों को जब यही भरोसा न हो कि वे जिस गाड़ी में बैठे हैं, वह सही-सलामत अपने गंतव्य तक पहुंच जाएगी, तो रेलवे के लिए इससे बड़ी विफलता क्या हो सकती है। इस सबकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। विचित्र है कि तेज रफ्तार ट्रेनें चला कर दुनिया से होड़ करने का दम भरा जाता है, मगर मौजूदा गाड़ियों की सुरक्षा का कोई व्यावहारिक उपाय तलाशने की कोशिश नहीं होती।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चे को कान्हा लुक देने के लिए अपनाएं ये टिप्स

देशभर में हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। जिसे कृष्ण भक्त जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त सोमवार को मनाया जाएगा। इस दिन कई परिवारों में लोग अपने छोटे बच्चों को कान्हा और राधा रानी की तरह सजाते हैं। अगर आप भी इस जन्माष्टमी अपने बेटे को कान्हा का लुक देना चाहते हैं तो ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं।



### ■ फॉलो करें ये टिप्स-

### ■ धोती-

बच्चे को कान्हा लुक देने के लिए सबसे पहले धोती का चुनाव सोच-समझकर करें। धोती एक ट्रेडिशनल ड्रेस है, जिसे माना जाता है कि कान्हा भी कैरी किया करते थे। बच्चे को कृष्णा लुक देने के लिए सबसे पहले आप उसके साइज की धोती खरीदकर रख लें। इसके लिए आप अपने पसंद की किसी भी रंग की धोती बाजार से खरीद सकती हैं। जन्माष्टमी के दिन आप अपने बच्चे को किसी भी रंग की सूती या सिल्क की धोती पहना सकते हैं।

### ■ मोर पंख-

भगवान कृष्ण का लुक बिना मोर पंख के अधूरा है। ऐसे में आप अपने बेटे को कृष्णा लुक देने के लिए उसके साइज का मोर पंख वाला मुकुट खरीद लें या फिर यह आपको किराए पर भी बड़ी आसानी से मिल जाएगा। इस मुकुट को आप अपने बच्चे के बालों में क्लिप की मदद से लगा सकती हैं।

### ■ बांसुरी-

भगवान श्री कृष्णा का एक नाम मुरलीधर भी है। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके एक हाथ में हमेशा उनकी बांसुरी रहती थी। अपने बच्चे को कान्हा का रूप देने के लिए उसकी धोती में बांसुरी जरूर लगाएं। आप इस बांसुरी को रंग बिरंगी लेस से भी सजा सकती हैं।

### ■ तिलक-

श्रीकृष्ण के माथे पर हमेशा तिलक लगा रहता है। आप भी बच्चे के माथे पर लाल और सफेद रंग का एक तिलक लगा सकते हैं।

### ■ गहने-

भगवान श्री कृष्ण की तस्वीरों में उन्हें गहने पहना देखा जा सकता है। ऐसे में बच्चे को कान्हा का लुक देने के लिए उसके गहनों में कानों में कुंडल, कंगन, पायल, गले में हार और बाजुबंद जैसी चीजें जरूर शामिल करें।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कब है?

## जानें पूजन का शुभ मुहूर्त व व्रत पारण का समय



हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि भादो मास की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में आधी रात को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इस दिन श्रीकृष्ण भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है और व्रत रखा जाता है। कृष्ण जन्माष्टमी को कृष्णाष्टमी, गोकुलाष्टमी, अष्टमी रोहिणी, श्रीकृष्ण जयंती और श्री जयंती के नाम से भी जाना जाता है। जानें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कब है, पूजन का शुभ मुहूर्त व व्रत पारण का समय-

बुध, शुक्र व मंगल मिलकर इन 3 राशियों की चमकाएंगे किस्मत, 22 अगस्त से बदलेगी तकदीर

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कब है-** अष्टमी तिथि 26 अगस्त को सुबह 03 बजकर 39 मिनट से प्रारंभ होगी और 27 अगस्त को सुबह 02 बजकर 19 मिनट पर समाप्त होगी। इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त 2024, सोमवार को मनाया जाएगा।

**जन्माष्टमी के दिन रोहिणी नक्षत्र-** रोहिणी नक्षत्र 26 अगस्त को दोपहर 03 बजकर 55 मिनट से प्रारंभ होगी और 27 अगस्त को दोपहर 03 बजकर 38 मिनट पर समाप्त होगी।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजन मुहूर्त-** इस साल भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कृष्ण जन्माष्टमी के पूजन का शुभ मुहूर्त 26 अगस्त को दोपहर 12 बजे से 27 अगस्त की देर सुबह 12 बजकर 44 मिनट तक रहेगा।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत पारण का समय-** धर्म शास्त्र के अनुसार, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत पारण का समय 27 अगस्त को दोपहर 03 बजकर 38 मिनट के बाद किया जाएगा। वर्तमान में समाज में प्रचलित पारण मुहूर्त 27 अगस्त को देर सुबह 12 बजकर 44 मिनट के बाद किया जा सकेगा।

# धनिया पंजीरी

खाना-खजाना

धनिया पंजीरी को सबसे शुद्ध माना जाता है। कान्हा को भोग लगाने के साथ ही इस दिन व्रत रखने वाले भक्तगण इसी पंजीरी से व्रत भी खोलते हैं।

### ■ सामग्री :

सामग्री- घी- 1/4 कप, काजू कुटे हुए- 10-12, बादाम कुटे हुए- 10-12, मखाना- 1/2 कप, धनिया पाउडर- 2 कप, कद्दूकस किया हुआ सूखा नारियल- 1/2 कप, पिसी चीनी- 1/2 कप

### ■ विधि :

कड़ाही को गर्म कर इसमें 1 बड़ा चम्मच घी डालें। घी के गर्म होने के बाद इसमें ड्राई फ्रूट्स को धीमी आंच पर सुनहरा होने तक भून लें।

इसे किसी बर्तन में निकालकर अलग रख दें। अब इसमें मखानों को कुरकुरा होने तक भूनें। हल्का ठंडा होने के बाद इसे ग्लास में डालकर कूट लें या फिर मिक्सी में दरदरा कर लें। कड़ाही में फिर थोड़ा घी डालें।

अब इसमें धनिया पाउडर को धीमी आंच पर भूरा होने तक भूनें। फिर इसमें भुने हुए ड्राई फ्रूट्स डालकर मिलाएं। धनिए का मिश्रण



जब थोड़ा ठंडा हो जाए, तो इसमें सूखा नारियल और पिसी चीनी डालकर मिला लें। तैयार है जन्माष्टमी के लिए धनिया पंजीरी का प्रसाद।

### ■ जरूरी टिप्स :

धनिया पाउडर को धीमी आंच पर अच्छी तरह से भूनें। तेजी आंच पर भूनने से ये जल जाएगा और अगर अच्छी तरह भूना नहीं, तो इसका स्वाद बहुत ही कड़वा लगता है।

धनिया भूनने के बाद जब से अच्छी तरह ठंडा हो जाए, तब इसमें चीनी मिलाएं। गरमा-गर्म मिश्रण चीनी मिलाने पर ये पिघल जाती है जिससे पंजीरी का टेक्सचर बिगड़ जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा।

**वृषभ :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन :** कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कर्क :** व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी से बचें। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। थकान रह सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह :** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या :** किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला :** स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु :** विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर :** मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। भाग्य अनुकूल है।

**कुंभ :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**मीन :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# विंटर गार्डन बनाना है तो सितंबर में लाएं 5 पौधों के बीज

## सर्दियों में रंग-बिरंगा होगा बगीचा, लदकर खिलेंगे फूल

बरसात के मौसम में नए पौधों की रोपाई काफी फायदेमंद होती है. विशेषज्ञों का भी मानना है कि सितंबर का महीना वह समय है जब आप कुछ खास पौधों के बीज अपने गार्डन में लगा सकत हैं. इन पौधों से न केवल आपका बगीचा सर्दियों में हरा-भरा रहेगा, बल्कि रंग-बिरंगे फूलों से लदा भी रहेगा. दरअसल, नमी वाले इस मौसम में अगर आप इन पौधों के बीज लगाएं और सही खाद-पानी दें तो इनसे बड़ी आसानी से पौधे निकाल आते हैं. सितंबर के महीने में अगर आप इन खास पौधों के बीज को लगाएं तो ये विंटर आते-आते बिल्कुल लहलहा उठेंगे और फूलों से लद जाएंगे. तो आइए जानते हैं कि आप सितंबर में किन फूलों के बीज की रोपाई शुरू कर सकते हैं.

### ■ सितंबर में लगाएं बीज



### ■ गेंदा

गेंदे का फूल सर्दियों के मौसम में काफी खूबसूरत दिखता है और इनका चटख रंग दूर से ही गार्डन को आकर्षक बनाता है. आप इसके बीज सितंबर में लगा सकते हैं. कुछ ही दिनों में इसके बीज से पौधे उगेंगे और सर्दियों में इनके पीले और नारंगी रंगों का आप आनंद ले सकेंगे.



### ■ डहेलिया के फूल :

डहेलिया के फूल सर्दियों में काफी खूबसूरत दिखते हैं. बड़े आकार के ये रंग-बिरंगे फूलों वाले पौधे की प्लांटिंग आप अभी कर सकते हैं. ये आसानी से 10 हफ्ते में फूल लेने लायक हो जाता है.

### ■ स्वीट एलीस्सम :



यह पौधा न केवल खूबसूरत दिखता है, बल्कि इसकी खुशबू भी बहुत अच्छी होती है. सर्दियों में इसके सफेद और गुलाबी फूल गार्डन को खुशबूदार बनाने का काम करती हैं.

### ■ पेटुनिया :

विंटर गार्डन में आप पेटुनिया के फूल भी लगा सकते हैं जो काफी आकर्षक होते हैं. इसके बैंगनी, गुलाबी और सफेद रंगों के



फूल आपके गार्डन में चार-चांद लगा सकते हैं. सितंबर में आप इसे पॉटिंग मिक्सचर ट्रे में लगाएं तो 10 हफ्ते तक इसमें फूल आ जाते हैं.

### ■ जीनिया



जीनिया के फूल भी काफी खूबसूरत होते हैं. इसकी सीडिंग भी सितंबर के महीने में आप घर पर कर सकते हैं. आप इन पौधों के बीज को डायरेक्ट गमलों में भी लगा सकते हैं. इन पौधों के बीजों को सितंबर में लगाकर आप सर्दियों में अपने गार्डन को रंग-बिरंगा और खूबसूरत बना सकते हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### होटल के कमरे में युवती की चाकू गोदकर हत्या

**बरेली.** बरेली से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक युवक के साथ होटल में ठहरी युवती की चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी गई। कमरे से बदबू आने पर मामले की जानकारी हुई। रोडवेज के पास होटल प्रीत पैलेस में 18 अगस्त की रात 10 बजे एक युवक और युवती आकर ठहरे थे। युवक ने होटल के रजिस्टर में अपना नाम मोहम्मद आलम और खुद को कोतवाली के मोहल्ला आजमनगर का निवासी लिखा। आईडी के रूप में उसने आधार कार्ड जमा किया। मंगलवार को होटल का कर्मचारी महेश कमरे में सफाई करने पहुंचा तो लड़की बेड पर उल्टी पड़ी थी। उसने युवती पर पानी डाला लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### रक्षाबंधन पर मायके लेकर नहीं गया पति, साड़ी के पल्लू से फंदा लगाकर की खुदकुशी

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर में एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। जहां रक्षाबंधन पर मायके न ले जाने से नाराज एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ये घटना मदनापुर क्षेत्र का है। सराफा व्यापारी चंद्रशेखर सिंह की पत्नी वैष्णवी सिंह की उम्र तकरीबन 25 साल थी। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे वैष्णवी ने साड़ी के पल्लू से कमरे के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा कि वैष्णवी सिंह रक्षाबंधन पर मायके जाने के लिए तैयार थी। लेकिन मायके न ले जाने पर पति-पत्नी में कहासुनी हो गई। इसके बाद आवेश में आकर फंदा लगा लिया।

### समोसा और पनीर खाकर सोए भाई-बहन, सुबह दोनों की मौत; पड़ोसी हैरान

**गोरखपुर.** गोरखपुर के गीडा इलाके में रक्षाबंधन का दिन एक भाई और उसकी बहन के लिए मौत का दिन बन गया। दोनों रात में समोसा और पनीर खाकर सोए थे। मंगलवार की सुबह दोनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लड़की की उम्र 21 साल है। उसका नाम पूजा था। उसके भाई का नाम विकास था। विकास 15 साल का था। दोनों बेलघाट थाना क्षेत्र के मूल निवासी हैं। गीडा में किराये का कमरा लेकर रहते थे। बताया जा रहा है कि भाई-बहन बिस्किट बनाने वाली एक फैक्ट्री में काम करते थे। दोनों रात में समोसा और पनीर खा कर सोए। भोर में तीन बजे पेट में दर्द होने के बाद दोनों डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया। आराम होने पर दोनों घर लौट आए। मंगलवार की सुबह उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों की मौत हो गई।

### पिता के पास सोई बच्ची का घर से अपहरण

**सहारनपुर.** सहारनपुर के रामपुरी गांव में रविवार रात परिजनों के साथ सो रही तीन साल की बच्ची का अहपरण हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की खोजबीन शुरू की। डॉग स्क्वायड की मदद से तीन घंटे बाद बच्ची को घर से करीब तीन किमी दूर जंगल से बरामद किया गया। पुलिस अपहरण करने वालों को तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रविवार रात गांव रामपुरी निवासी प्रमोद पुत्र सुगन अपने बच्चों के साथ घर में सोया हुआ था। रात करीब 12 बजे उसकी आंख खुली तो तीन साल की बेटी चारपाई पर नहीं थी। उसने घर में ही बच्ची को तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद करीब सवा 12 बजे पुलिस को सूचना दी गई।

बच्ची के अपहरण की सूचना पर पुलिस अफसरों में खलबली मच गई। सीओ नकुड़ वैभव पांडेय कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद डॉग स्क्वायड की मदद से आसपास के जंगले में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। साथ ही पूरे जिले की पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया। देर रात करीब तीन बजे घर से करीब तीन किमी दूर कल्लरपुर के जंगल में बच्ची के रोने आवाज आई। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

# अजमेर सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को उम्रकैद

- **32 साल पहले 100 छात्राओं के साथ गैंगरेप किया था**
- **5-5 लाख का जुर्माना लगाया**



सोहेल गनी | नफीस चिश्ती | जमीर हुसैन | सलीम चिश्ती | इकबाल भाटी | नसीम उर्फ टारजन

**अजमेर.** अजमेर में 32 साल पहले हुए देश के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को जिला अदालत ने 20 अगस्त, मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही उन पर 5-5 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

कोर्ट ने नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहिल गणी, सैयद जमीर हुसैन को उम्रकैद की सजा सुनाई। सजा सुनाते वक्त सभी 6 दोषी कोर्ट में थे। एक आरोपी इकबाल भाटी को एम्बुलेंस से दिल्ली से अजमेर लाया गया था।

साल 1992 में 100 से ज्यादा कॉलेज गर्ल्स के साथ गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट होने पर तहलका मच गया था। कई छात्राओं ने बदनामी के डर से सुसाइड कर लिया था। तत्कालीन सरकार ने यह केस सीआईडी-सीबी को सौंपा था। मामले में 18 आरोपी थे। 4 सजा भुगत चुके हैं।

4 को हाईकोर्ट दोष मुक्त कर चुका है। एक ने 30 साल पहले केस के दौरान ही सुसाइड कर लिया था। दो आरोपियों पर लड़के से कुकर्म का केस चला, इसमें एक सजा भुगत चुका है और एक पर केस चल रहा है। एक आरोपी फरार है और 6 पर फैसला आज आया है। इस ब्लैकमेल कांड पर एक फिल्म भी बन चुकी है। इस केस में 104 लोगों ने गवाही दी, 3 पीड़िताएं अपने बयान पर आखिर तक डटी रहीं। कोर्ट ने 208 पेज का फैसला सुनाया है।

कोलकाता रेप-मर्डर केस-

# CJI ने नेशनल टास्क फोर्स बनाई

- **ये मेडिकल प्रोफेशनल की सुरक्षा के उपाय बताएगी**
- **गांगुली पत्नी के साथ कल प्रदर्शन करेंगे**



**नई दिल्ली.** कोलकाता रेप-मर्डर मामले में सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस (CJI) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की। CJI ने कहा- डॉक्टर्स की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टास्क फोर्स बना रहे हैं, इसमें 9 डॉक्टर्स को शामिल किया गया है, जो मेडिकल प्रोफेशनल्स की सुरक्षा, वर्किंग कंडीशन और उनकी बेहतरी के उपायों की सिफारिश करेगी।

टास्क फोर्स में केंद्र सरकार के पांच अधिकारी भी शामिल किए गए हैं। कोर्ट ने CBI से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट और राज्य सरकार से घटना की रिपोर्ट मांगी है। RG कर अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा CISF को दिया गया। केस की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।

उधर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म कर दी। वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली 21 अगस्त को पत्नी डोना के साथ प्रदर्शन करेंगे। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी। उसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया।

# अब अलीगढ़ में ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश?



- **रेलवे ट्रैक पर बाइक की रिम मिली**
- **सतर्कता से टला हादसा**


**अलीगढ़.** कानपुर में साबरमती एक्सप्रे को बेपटरी करने के बाद अलीगढ़ में ऐसे ही हादसे की साजिश फेल हो गई है। अलीगढ़ में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर मंगलवार को हादसा होने से बच गया। पटरी पर मोटरसाइकिल का रिम रखा हुआ था। रिम से टकराने के बाद मालगाड़ी वहीं रुक गई। गार्ड ने इसकी सूचना प्रयागराज कंट्रोल को दी तो खलबली मच गई। आला अधिकारियों के निर्देश पर जांच शुरू कर दी गई है।

आरपीएफ के एसआइ धीरज ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो उन्हें मौके पर बाइक के एलॉय व्हील एक प्लास्टिक के बोरे में मिला। इसके साथ ही ट्रैक के आसपास कुछ टूटे हुए टुकड़े भी मिले हैं। इसके बाद इसकी रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। यह घटना करने वालों की तलाश भी की जा रही है, जिससे कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# बंगाल में राष्ट्रपति शासन की तैयारी?

## द्रौपदी मुर्मू और गृह मंत्री शाह से मिलने पहुंचे राज्यपाल सीवी आनंद बोस

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना को लेकर पूरे देश में आक्रोश है। वहीं बर्बर घटना के बाद अस्पताल में भीड़ के हमले और तोड़फोड़ से भी बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की जमकर आलोचना भी हो रही है। यहां तक कि टीएमसी के अंदर भी मामले को लेकर विरोध के स्वर मुखर होने लगे। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंदबोस भी रेप और हत्या की बर्बर घटना को लेकर ऐक्शन मोड में हैं। राज्यपाल मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने दिल्ली पहुंचे हैं।



उन्होंने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की। ऐसे में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन के भी कयास तेज हो गए हैं।

### राष्ट्रपति शासन पर क्या बोले थे राज्यपाल

अब नजर इसपर रहेगी कि राज्यपाल सीवी आनंदबोस क्या रिपोर्ट देते हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार से मामले को लेकर तीन रिपोर्ट मांगी गई थी। हालांकि अब तक एक ही रिपोर्ट मिली है। उन्होंने कहा कि यह मामला पूरे समाज के लिए कलंक है और लोग सड़कों पर उतर चुके हैं। समाज डरा हुआ है और सरकार इसे संभाल नहीं पा रही है। बीजेपी पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रही है। इसको लेकर जब राज्यपाल से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मांग तो मांग होती है। जो भी फैसला लिया जाएगा सोच समझकर और राज्य के हित में लिया जाएगा।

बर्बर घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच भी आज सुनवाई करने वाली है।सुप्रीम कोर्ट ने घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट में तीन पत्र याचिकाएं दायर कर कहा गया था कि सीजेआई को मामले का स्वतः संज्ञान लेकर जरूरी आदेश देने चाहिए। बता दें कि मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष पर भी सीबीआई शिकंजा कसा जा रहा है। उनपर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है। सीबीआई ने तीन दिन संदीप घोष से पूछताछ की। आरोप यह भी है कि घटना के बाद उन्होंने कर्मचारियों के साथ मीटिंग की थी और इसपर किसी तरह पर्दा डालने का प्लान बनाया था।

# राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने की मांग

- **स्वामी की याचिका को PIL मानकर सुनवाई करेगा हाईकोर्ट**

**नई दिल्ली.** राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने संबंधी मांग वाली भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट जनहित याचिका की तरह सुनवाई करेगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका को जनहित याचिका माना जाना चाहिए। बता दें कि स्वामी ने अपनी याचिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर गृह मंत्रालय को निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की है।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को सुनवाई की शुरुआत में अदालत ने स्वामी से पूछा कि इस तरह के मामले में उनका कानूनी रूप से स्वीकार्य अधिकार क्या है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि यदि कोई अधिकार है तो इसे केवल जनहित माना जा सकता है, इससे ज्यादा नहीं। स्वामी, मुझे कानूनी रूप से स्वीकार्य कोई ऐसा अनुमेय अधिकार नहीं मिला है, जो इस मामले में लागू होता हो।

इस पर अदालत में खुद पेश हुए भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि यदि हाईकोर्ट को लगता है कि इस याचिका पर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की जानी चाहिए, तो अदालत को अधिकार है कि वह इसे जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली पीठ के पास भेज दे।



स्वामी ने यह भी कहा कि यह भारत सरकार से जुड़ा मामला है। मैं व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसा नहीं कर रहा हूं। उनकी ओर से गृह मंत्रालय को भेजी गई शिकायत स्वीकार कर ली गई थी। राहुल गांधी से इस पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था। हालांकि तब से इस मामले पर कोई प्रगति नहीं हुई है और न ही उन्हें कोई सूचना दी गई है।


अदालत ने कहा- (इस मामले में) न्यायालय को अधिक से अधिक यह लग सकता है कि इसमें जनहित शामिल हो सकता है, जिसको स्वामी वर्तमान याचिका के जरिए उठाना चाहते हैं। उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर, मामले को जनहित याचिकाओं की सुनवाई करने वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

स्वामी ने अपनी याचिका में गृह मंत्रालय को यह निर्देश देने की भी मांग की कि वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी के खिलाफ दायर उनके अभ्यावेदन पर स्थिति रिपोर्ट पेश करे। अधिवक्ता सत्य सभरवाल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि 6 अगस्त 2019 को स्वामी ने मंत्रालय को एक पत्र लिखा था। उन्होंने मंत्रालय को बताया था कि गांधी ने ब्रिटिश सरकार को यह बताया है कि वह ब्रिटेन के नागरिक हैं।

### गुस्साए बेटे ने पिता की सिर कुचलकर की हत्या

**दुर्ग.** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के सतनामी पारा में एक बेटा ने अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। बेटे ने बड़ी बेरहमी के साथ अपने पिता की हत्या को अंजाम दिया। वारदात की जानकारी लोगों को लगी तो इलाके में सनसनी फैल गई। आस-पास के लोगों ने बताया कि बाप-बेटे के बीच बहुत पहले से एक मसले पर नोक-झोंक बनी हुई थी। शराब पीने के बाद उसी मुद्दे पर बहस के बाद बेटे ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने हत्या करने के आरोप में बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

# सिक्किम में भारी भूस्खलन



- **तबाह हो गया तीस्ता बांध पर बना पावर स्टेशन**

पूर्वी सिक्किम में मंगलवार की सुबह भारी भूस्खलन हुआ। इसके कारण राज्य में एक पावर स्टेशन लगभग पूरी तरह तबाह हो गया। यहां पिछले कुछ हफ्तों से लगातार छोटी-मोटी भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। इसकी वजह से 510 मेगावाट के पावर स्टेशन से सटी पहाड़ी खतरे में थी। मंगलवार की सुबह पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा खिसक गया और नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (NHPC) के तीस्ता स्टेज 5 बांध का पावर स्टेशन मलबे से ढक गया। ये घटना पूर्वी सिक्किम के सिंगताम के दीपू दारा के पास बालूतार में हुई।

पास की पहाड़ी से स्थानीय निवासियों द्वारा वीडियो में कैद किए गए भूस्खलन में बड़े-बड़े पत्थर और मलबा तेजी से पावरहाउस की ओर गिरते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे काफी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। लगातार भूस्खलन के कारण कुछ दिन पहले ही पावर स्टेशन को खाली करा लिया गया था। पावर स्टेशन के पास काम करने वाले लोगों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि चट्टान का एक हिस्सा खिसक रहा है और कुछ ही देर बाद इसका एक बड़ा हिस्सा पावर स्टेशन के ऊपर गिर जाता है।

निवासियों के मुताबिक, सुबह 7:00 बजे के आसपास हुआ भूस्खलन संभवतः एनएचपीसी तीस्ता स्टेज वी सुरंग के कारण हुआ है जो इस क्षेत्र के नीचे से गुजरती है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, भूस्खलन से 17-18 घर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे 5-6 परिवारों को सुरक्षा के लिए एनएचपीसी क्वार्टरों में जाना पड़ा है। आवासीय क्षति के अलावा, क्षेत्र में बिजलीघर को भी काफी नुकसान हुआ है।

# BJP के 5 नेताओं पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**गौतमबुद्ध नगर.** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में भाजपा के पांच नेताओं पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 परिणामों की समीक्षा के बाद तैयार की गई रिपोर्ट में ऐसे पांच नेताओं के नाम हाईकमान को भेजे हैं, जिन्होंने चुनाव में पार्टी प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के खिलाफ काम किया। इससे इन पांच नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की तलवार लटक गई है। लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा संगठन हर लोकसभा क्षेत्र को लेकर समीक्षा कर रहा है। समीक्षा के बाद गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट को लेकर जो रिपोर्ट तैयार हुई है, वह काफी चौंकाने वाली है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन के अन्य पदाधिकारियों की मानें तो समीक्षा के दौरान ऐसे 17 नामों पर चर्चा हुई, जिन पर चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम करने के आरोप लगे थे।

# UPSC में लेटरल एंट्री से नियुक्ति का आदेश रद्द

- **मंत्री बोले- विज्ञापन कैंसिल करें**
- **राहुल ने कहा था- इससे RSS के लोगों की भर्ती होगी**

**नई दिल्ली.** UPSC ने 17 अगस्त को लेटरल एंट्री के लिए 45 पोस्ट पर वैकेंसी निकाली थी। इसे अब रद्द कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने UPSC चेयरमैन को नोटिफिकेशन रद्द करने को कहा। PM मोदी के कहने पर यह फैसला बदला गया है। इस वैकेंसी का राहुल गांधी ने भी विरोध किया था। राहुल ने कहा था- लेटरल एंट्री के जरिए खुलेआम SC-ST और OBC वर्ग का हक छीना जा रहा है। मोदी सरकार RSS वालों की लोकसेवकों में भर्ती कर रही है।



राहुल गांधी को जवाब देते हुए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि पूर्व PM मनमोहन सिंह को लेटरल एंट्री के जरिए ही 1976 में फाइनेंस सेक्रेटरी, मोंटेक सिंह अहलूवालिया को योजना आयोग का उपाध्यक्ष और सोनिया गांधी को नेशनल एडवाइजरी काउंसिल (NAC) चीफ बनाया गया।

कांग्रेस ने लेटरल एंट्री की शुरुआत की थी। अब PM मोदी ने UPSC को नियम बनाने का अधिकार देकर लेटरल एंट्री सिस्टम को व्यवस्थित बनाया है। पहले की सरकारों में लेटरल एंट्री फॉर्मल सिस्टम नहीं था।

केंद्र सरकार के लेटरल एंट्री नोटिफिकेशन को रद्द करने के फैसले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया X पर लिखा- हमारे दलित, आदिवासी, पिछड़े और कमज़ोर वर्गों के सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस पार्टी की लड़ाई ने भाजपा के आरक्षण छीनने के मंसूबों पर पानी फेरा है।

# क्रिकेटर युवराज सिंह पर बनेगी बायोपिक




### युवराज सिंह का क्रिकेटिंग करियर

युवराज सिंह भारतीय क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 17 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेला। इस दौरान उन्होंने 40 टेस्ट मैचों में 33.93 की औसत से 1900 रन, 304 वनडे मैचों में 36.56 की औसत से 8701 रन और 58 टी-20 मैचों में 28.02 की औसत से 1177 रन बनाए हैं।

इस दौरान उनके बल्ले से 71 अर्धशतक और 17 शतक निकले हैं। इसके अलावा उनके नाम 148 इंटरनेशनल विकेट भी दर्ज हैं। युवी ने 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

- **क्रिकेटिंग करियर और लाइफ दिखाई जाएगी**

दिग्गज भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह की लाइफ पर फिल्म बनने वाली है। युवी की बायोपिक को भूषण कुमार और रवि भगचंदका प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म क्रिटिक तरन आदर्श ने पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। इस अनाउंसमेंट के बाद युवराज सिंह ने भी प्रतिक्रिया दी है। मीडिया ब्रीफिंग के दौरान युवी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी बायोपिक लाखों लोगों को अपनी चुनौतियों से पार पाने के लिए प्रेरित करेगी।

तरन आदर्श ने युवी की बायोपिक की अनाउंसमेंट करते हुए पोस्ट में लिखा- 'क्रिकेटर युवराज सिंह पर बायोपिक की घोषणा... भूषण कुमार और रवि भगचंदका क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह के असाधारण जीवन को बड़े पर्दे पर लाएंगे। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है, लेकिन इसमें उनके पूरे क्रिकेटिंग करियर और लाइफ को दिखाया जाएगा।'

युवराज सिंह ने कहा, 'मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मेरी कहानी दुनिया भर में लाखों प्रशंसकों को दिखाई जाएगी। क्रिकेट मेरे लिए सबसे बड़ा प्यार और सभी उतार-चढ़ावों के दौरान ताकत का स्रोत रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दूसरों को अपनी चुनौतियों से उबरने और अटूट जुनून के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी।'

# अंबानी के रिलायंस और Disney मर्जर पर CCI ने उठाए सवाल

**मुंबई.** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की एंटरटेनमेंट से जुड़ी सबसे बड़ी डील पर पेच फंस गया है। दरअसल, बीते मई महीने में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वायाकॉम18 और स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी थी। हालांकि, अब सीसीआई ने इस विलय को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं।

### क्या है आपत्ति

सूत्रों ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि सीसीआई ने निजी तौर पर डिज्नी और रिलायंस को अपना दृष्टिकोण बताया है। सीसीआई का मानना है कि इस विलय से प्रतिद्वंद्वियों को नुकसान होगा।



दरअसल, विलय वाली कंपनी के पास क्रिकेट के प्रसारण के लिए अरबों डॉलर के आकर्षक राइट्स होंगे। सीसीआई को ओवर प्राइसिंग पावर और विज्ञापनदाताओं पर इसकी पकड़ को लेकर डर है।

सीसीआई ने इससे पहले निजी तौर पर रिलायंस और डिज्नी से विलय से जुड़े करीब 100 सवाल पूछे थे। सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि कंपनियों ने सीसीआई को बताया है कि वे चिंताओं को दूर करने और शीघ्र मंजूरी प्राप्त करने के लिए कुछ टेलीविजन चैनल बेचने को तैयार हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कंपनियां अभी भी अधिक रियायतें देकर सीसीआई की चिंताओं को दूर कर सकती हैं। एक अन्य सूत्र ने कहा कि सीसीआई ने कंपनियों को जवाब देने और अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए 30 दिन का समय दिया है।

### हो सकती है जांच

सीसीआई ने दोनों कंपनियों से यह पूछा है कि जांच का आदेश क्यों नहीं दिया जाना चाहिए। हालांकि, अब तक दोनों कंपनियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।बता दें कि वायाकॉम18, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) समूह का हिस्सा है, जबकि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी (टीडब्ल्यूडीसी) के पास स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का स्वामित्व है।

### झगड़ रही बच्चियों को पिता ने पीटा, एक की मौत, दूसरी घायल

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक व्यक्ति को अपनी छह वर्षीय बेटी की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बेटी और उसकी बहन के बीच खिलौनों को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतका और उसकी आठ वर्षीय बहन शनिवार को खिलौनों को लेकर लड़ाई और बहस कर रहे थे तभी गुस्साए दिशान उर्फ सलमान ने उन्हें लकड़ी के डंडे से पीटना शुरू कर दिया। रविवार को बताया कि मृतक और उसकी 8 वर्षीय बहन शनिवार को खिलौनों को लेकर लड़ रही थीं और बहस कर रही थीं, तभी गुस्साए दिशान उर्फ सलमान ने उन्हें लकड़ी के डंडे से पीटना शुरू कर दिया। पिटाई के कारण एक बच्ची की मौत हो गई जबकि दूसरी घायल हो गई।

**संक्षेप...**


## दाभोलकर हत्याकांड के लिए निर्भय मॉर्निंग वॉक

**मुंबई.** अंध श्रद्धा निर्मूलन के महाराष्ट्र के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ नरेंद्र दाभोलकर की निर्मम हत्या को 11साल बीत चुके हैं. बावजूद इसके अब तक इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. डॉ समाज को अंध श्राद्धा से दूर रखने की लड़ाई लंबे समय से लड़ रहे थे. माना जाता है की रूढ़िवादी समाज के लोगों ने उनकी हत्या की साजिश रची थी. अब तक मास्टर माइंड आरोपी की नहीं पकड़े जाने के विरोध मे दादर मे मंगलवार के सुबह निर्भय मॉर्निंग वॉक का आयोजन किया गया. इस मौके पर महाराष्ट्र के राज्य प्रधान सचिव अनीस नंदकिशोर तळाशीलकर ने कहा कि दाभोलकर की हत्या के मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है.

# महायुति में फिर बढ़ा कलह

**मैंने आपा खोया तो जैसे को तैसा जवाब दूंगा : मंत्री रविंद्र चव्हाण**

### शिंदे गुट के नेता रामदास कदम को दी चुनौती





**कल्याण.** डोंबिवली में सार्वजनिक रक्षाबंधन समारोह में महिलाओं से राखी बंधवाने के बाद पत्रकारों से मुखातिब होते हुए राज्य के लोक निर्माण मंत्री तथा सिंधुदुर्ग जिले के पालक मंत्री रविंद्र चव्हाण ने शिवसेना (शिंदे) के नेता रामदास कदम पर पलटवार करते हुए कहा कि चमचागिरी और मेरे इस्तीफे की बात करने वाले रामदास कदम जुबान संभालकर बात करें। यदि मैं आपा खो दिया, तो काफी बुरी तरह पेश आ सकता हूं। उन्होंने कहा कि मैं युति धर्म का पालन कर रहा हूं, वरना जैसे को तैसा जवाब देना मुझे आता है। चव्हाण ने यह भी कहा कि कदम 15 साल मंत्री रहकर क्या उखाड़ लिए। उन्होंने शिंदे गुट को इशारा करते हुए कहा कि युति धर्म का पालन करना मेरे अकेले की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कदम को जवाबी चुनौती देते हुए कहा कि दम है तो सामने आकर बात करें। उन्हें जवाब देने में मैं सक्षम हूं। चव्हाण ने आगे कहा कि रामदास कदम के बेटे विधायक योगेश कदम के निर्वाचन क्षेत्र में करोड़ो रुपये निधि दिया। उन्हें मेरा आभार मानना चाहिए। बजाए इसके वे मुझे चुगलखोर और मेरे इस्तीफे की बात कर रहे हैं। बतादें कि सिंधुदुर्ग जिले के विकास और सड़कों के उपर शिंदे गुट के नेता रामदास कदम ने लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण की कड़ी आलोचना करते हुए चमचागिरी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और देवेंद्र फडणवीस का नाम लेकर कहा था कि उन्हें चव्हाण का इस्तीफा ले लेना चाहिए।

**हजारों महिलाओं ने बांधी राखी**

सोमवार को सार्वजनिक रूप से हजारों महिलाओं ने मंत्री रविंद्र चव्हाण को राखी बांधी और रक्षाबंधन की बधाई दी। राखी बांधने वालों में ब्रह्मकुमारी और दक्षिण भारतीय महिलाएं भी शामिल थीं।

# कर्जदारी से तंग युवक ने आभूषण के लिए वृद्ध महिला की गला रेतकर की हत्या



**भिवंडी.** भिवंडी ग्रामीण तालुका अंतर्गत क्षेत्र झाटे पाड़ा स्थित आरिफ गार्डन निवासी 74 वर्षीय सेल्वामेरी अगस्टीन नामक वृद्ध महिला की सोने के आभूषण,पैसे की खातिर एक बेरहम युवक द्वारा गला रेतकर घर को आग के हवाले किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है.भिवंडी तालुका ग्रामीण पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के उपरांत 36 घंटे में आरोपी अभिमन्यु गुप्ता को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है.

मिली जानकारी के अनुसार, भिवंडी तालुका अंतर्गत मुरसेत गांव हद स्थित झाड़े पाड़ा आरिफ गार्डन में सेल्वा मेरी अगस्तीन नाडार नामक महिला अपने बच्चे के साथ रहती थी.सेल्वामेरी नाडर के बच्चे के साथ अभिमन्यु गुप्ता नामक युवक दूध डेयरी में काम करता था.जानकारी के अनुसार,अभिमन्यु गुप्ता को मोबाइल से आनलाइन रमी खेलने की लत थी जिसमे वह काफी पैसा हार चुका था.आर्थिक तंगी से परेशान अभिमन्यु गुप्ता ने पैसे की तंगी दूर करने के लिए घर के सामने ही आरिफ गार्डन में रहने वाली वृद्ध महिला सेल्वामेरी नाडर के सोने के आभूषण,पैसा लेने की योजना बनाई और रात में जब वे अकेली थीं घर में घुसकर धारदार हथियार से महिला का गला रेत दिया और शरीर सहित आलमारी में रखे तमाम सोने के जेवरात,पैसा लेकर चंपत होने से पहले घटना को नया रूप देने की खातिर घर में आग लगा कर फरार हो गया.घर में लगी आग देखकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाई.घर में खून से लथपथ वृद्धा की पड़ी लाश देखकर लोग दंग रह गए.मृतक महिला को घर से बाहर निकाला गया. पुलिस ने वृद्ध महिला के नृशंस मर्डर की घटना को बेहद चुनौती से लेते हुए गहनता से छानबीन शुरू की.मुखबिर एवम तांत्रिक पद्धति से प्राप्त सूचना के आधार पर भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दादासो एडके, ठाणे ग्रामीण अपराध शाखा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश मनोरे, सहायक पु.निरीक्षक श्रीकांत जाधव, किरण मतकर की टीम ने सघन तफ्तीश कर 36 घंटे में ही ठाणे ऐरोली स्थित लाजिंग बोर्डिंग में छिप कर बैठे दुर्दांत शातिर अपराधी अभिमन्यु गुप्ता को धर दबोचने में सफलता हासिल की है.


**सफाई कर्मियों को समय पर नहीं मिल रहा वेतन**

# तीव्र आंदोलन करने की मेधा पाटकर ने दी चेतावनी



**ठाणे.** सफाई कर्मचारी अपने स्वास्थ्य की चिंता नहीं करते हुए नागरिकों की स्वास्थ्य के सुरक्षा के लिए सफाई करते हैं। मनोरोग अस्पताल में कई दिनों से सफाई कर्मचारी वेतन को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। वहीं आंदोलन कर रहे सफाई कर्मचारियों से मुलाकात करने के लिए आई सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने कहा कि सफाई कर्मियों के वेतन को देने के लिए न्यायालय ने आदेश दिया है। लेकिन न्यायालय के आदेश को ताक पर रखकर सफाई कर्मियों के साथ में संबंधित अधिकारी सौतेला व्यवहार कर रहे है। मेधा पाटकर ने कहा कि जल्द से जल्द सफाई कर्मियों को वेतन नहीं मिला तो आमरण अनशन करने के लिए इशारा किया।आंदोलन कर रही महिलाओं को राखी बांध कर इकट्ठा रहने के लिए कहा और हक के लड़ाई के लिए लड़ना चाहिए। सफाई कर्मियों के वेतन के लिए अतिरिक्त संचालक डॉ. स्वप्निल लाले, उपसंचालक डॉ. अशोक नंदापुरकर, सुपरिंटेंडेंट डॉ. नेताजी मुलिक, सीईओ लांजेवार, प्रशासनिक अधिकारी डॉ रानाडे से बातचीत की। मोबाइल फोन पर बातचीत के दौरान अतिरिक्त स्वास्थ्य संचालक डॉ स्वप्निल लाले ने सोमवार तक वेतन दिलाने का प्रयत्न करने के लिए आश्वासन दिया।इस अवसर पर श्रमिक जनता संघ युनियन अध्यक्ष मेधा पाटकर, उपाध्यक्ष डॉ संजय मंगला गोपाल, महासचिव जगदीश खैरालिया, कार्यकारी सचिव अजय भोसले, कामगार प्रतिनिधी संघटक दिनानाथ देसले, अनिता कुमावत, सोनी चौहान, संजय सैदाणे , महेश निचिते सहित वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन के निरीक्षक जगताप उपस्थित थे।

# कल्याण-डोंबिवली शहर के विकास के लिए ठाणे की तर्ज पर योजना लागू की जाए- मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे



**मुंबई,** ठाणे के बाद अब कल्याण-डोंबिवली का तेजी से विकास हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी एजेंसियों को ठाणे शहर की तरह यहां के नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए सभी योजनाएं लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि नगर निगम, जल संसाधन विभाग और अन्य तंत्र समन्वय से काम करें ताकि भविष्य में कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र की पानी की आवश्यकता को पूरा किया जा सके।

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में सह्याद्रि गेस्ट हाउस में बैठक हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि कल्याण शहर में नये निर्माण तेजी से हो रहे हैं।इस बढ़ते क्षेत्र में पानी की आपूर्ति करना आवश्यक है। इसके लिए जल संसाधन विभाग द्वारा वर्तमान में अतिरिक्त दिए जा रहे पानी को नियमित किया जाए। एमआईडीसी को उद्योगों को भी पुनर्नवीनीकृत पानी की आपूर्ति करनी चाहिए और नगर निगम को पीने के लिए अच्छा पानी उपलब्ध कराना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में पानी की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र के लिए प्रस्तावित बांधों का कार्य तेजी से किया जाना चाहिए। साथ ही, कल्याण डोंबिवली नगर निगम में शामिल 27 गांवों के निवासी जो कल्याण डोंबिवली नगर निगम में अनुबंध के आधार पर काम कर रहे हैं, उन्हें कल्याण डोंबिवली नगर निगम में बनाए रखने की कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि इस गांव में अनाधिकृत निर्माणों को क्लस्टर का दर्जा देकर नियमित करने का प्रस्ताव भेजा जाए। इसके साथ ही, कल्याण डोंबिवली में खतरनाक इमारतों के त्वरित पुनर्विकास के लिए, उन्हें ठाणे शहर की तर्ज पर क्लस्टर और विकसित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को डोंबिवली में पेंढारकर कॉलेज के मुद्दे को हल करने और छात्रों और शिक्षकों को न्याय देने का निर्देश दिया।

# रोटरी क्लब भिवंडी ने रिमांड होम में मनाया रक्षाबंधन



### न्यायाधीश मैडम ने बांधी राखी

**उल्हास विकास संवाददाता**

**भिवंडी.** भिवंडी शहर एवम ग्रामीण क्षेत्र में रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई -बहनों द्वारा असीम प्रेम,उत्साह से मनाया गया. रोटरी क्लब आफ भिवंडी द्वारा जकात नाका स्थित बाल सुधार गृह भिवंडी न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश एस.बी. घुटे मैडम एवम रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिनेश मेहता की गरिमामई उपस्थिति में रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया. उक्त अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिनेश मेहता, रिमांड होम सेक्रेट्री दिलीप कलंत्री, सीनियर रोटेरियन पुरुषोत्तम दास पटेल, अशोक कुमार फड़तरे, प्रदीप राका, रमेश मलानी, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री हरिशचंद्र भोईर, दीपक गांधी, सुरेश गरेला, रोटरी सेंट्रल मेंबर सतीश भोजने, इलियास वलियानी, जयकुमार थेरानी, सुनील बोरा, प्रकाश सिंह हीरा, मुरली हेडा, महेश कुमावत, कन्हैया इनानी, पत्रकार गुरुप्रसाद सिंह सहित बाल सुधार गृह में रहने वाले तमाम लडके, लडकियां एवम रिमांड होम स्टाफ उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि रोटरी क्लब आफ भिवंडी के सीनियर रोटेरियन पुरुषोत्तम दास पटेल के सौजन्य से 50 वर्षो से प्रतिवर्ष बाल सुधार गृह में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है. जकात नाका स्थित बाल सुधार गृह में 50 वें वर्ष आयोजित राखी त्योहार समारोह के संबोधन में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिनेश मेहता ने बाल सुधार गृह में रहने वालों लडके, लड़कियों को अपराध से सदैव दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि, जीवन में अच्छे कर्म करना चाहिए. बाल सुधार गृह की माननीय न्यायाधी घुटे मैडम ने बाल सुधार गृह सचिव दिलीप कलंत्री एवम स्टाफ सहित रोटरी सदस्यों को राखी बांध कर भाई बहन के असीम प्यार, विश्वास के पावन पर्व को सबके लिए जीवन पर्यंत यादगार बना दिया.

बाल सुधार गृह के बच्चों ने मौजूद गणमान्य हस्तियों के समक्ष रक्षाबंधन पर्व की महत्ता का बखान किया.रक्षाबंधन पर्व मौके पर तमाम लड़कियों ने लड़कों को राखी बांधकर जीवन में रक्षा का वचन लिया.बाल सुधार गृह न्यायाधीश मैडम द्वारा राखी बांधे जाने पर रोटरी सदस्यों की खुशी दुगुनी हो गई. न्यायाधीश मैडम भी सभी उपस्थित जनों को प्रेम, विश्वास का प्रतीक राखी बांधकर प्रफुल्लित दिखाई पड़ी. प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भिवंडी शाखा द्वारा मानसरोवर स्थित संस्कृत भवन में रक्षाबंधन पर्व पर भाइयों को राखी बांधकर, मिठाई खिलाई गई.उक्त मौके पर भिवंडी शाखा प्रमुख ब्रम्हकुमारी शिल्पा दीदी,बिंदू दीदी, गौतमी दीदी आदि मौजूद थीं.

## आनंद विश्व गुरुकुल विद्यालय में रक्षा बंधन मनाया

**ठाणे.** शारदा एज्युकेशन सोसायटी व आनंद विश्व गुरुकुल विद्यालय और रॉट्रॅक्ट क्लब व एनसीसी कॅडेट्स की ओर से आनंद दिघे अपंग स्कूल के विद्यार्थियों के साथ में रक्षा बंधन पर्व मनाया गया सामाजिक दृष्टि से रक्षा बंधन पर्व को सफल बनाने के लिए आनंद विश्व गुरुकुल के विद्यार्थियों व शिक्षिका लीना रासकर व धनश्री मेडम के सहयोग से किया गया।इस अवसर पर रोट्रॅक्ट क्लब के विद्यार्थी, एनसीसी की लड़कियों ने राखी बाधा।आनंद विश्व गुरुकुल की उप प्रधानाचार्य दिपीका तलाठी पर्व पर अपना विचार व्यक्त किया।

# डॉ. आंबेडकर कृषि स्वावलंबन योजना के लिए अर्ज करें किसान



**ठाणे.** अनुसूचित जाति नव बौद्ध किसानों के उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर कृषि स्वावलंबन योजना को जिला परिषद के माध्यम से शुरू किया गया है।इस योजना का अधिक से अधिक किसानों को लाभ लेने के लिए कृषी विकास अधिकारी रामेश्वर पाचे ने आवाहन किया है।

अनुसूचित जाती नव बौद्ध किसानों के उत्पादन बढ़ाने के लिए जिला परिषद की ओर से साल 2024-2025 में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर कृषि स्वावलंबन योजना शुरू किया गया है। नया कुआं 2 लाख 50 हजार रुपए, पुराने कुएं की मरम्मत 50 हजार रुपए। , इनवेल बोरिंग 20 हजार रुपये, पंप सेट 20 हजार रुपये, पावर कनेक्शन साइज 10 हजार रुपये, खेतों की प्लास्टिक लाइनिंग 1 लाख रुपये, और माइक्रो इरिगेशन सेट a) ड्रिप सेट - 50 हजार b) फ्रॉस्ट सेट - 25,000 होगा इस योजना के तहत सात मदों का लाभ मिलेगा, नया कुआं पैकेज (3.30 लाख रुपये तक)।पुराने कुएं की मरम्मत का पैकेज (1.30 लाख रुपये तक) और फार्म प्लास्टिक लाइनिंग पैकेज (1.80 लाख रुपये तक) पैकेज के रूप में पेश किया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली हेतु स्वीकृत मापदण्डों के अनुसार होने वाले व्यय का अधिकतम 55% प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-प्रति बूंद अधिक फसल योजना व डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर कृषि स्वावलंबन योजना कुल 90% सब्सिडी में 10% पूरक सब्सिडी मिलेगी।

# महारुद्राभिषेक व सुंदरकांड सुनकर भक्त हुए भावविभोर

**उल्हास विकास संवाददाता**



**ठाणे.** संकट मोचन शनि हनुमान मंदिर के प्रांगड़ में महारुद्राभिषेख व सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन शिवशांति प्रतिष्ठान के संस्थापक एड.विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।शिवपरिवार के प्रमुख आचार्य राममिलन शुक्ला व शिवपरिवार के आयोजक मंडली के अथक प्रयास से सफल हुआ। सदस्य रविंद्र अय्यर व चंद्रमौली ने मंत्रोचार कर महारुद्राभिषेक किया।श्रावण मास में भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग व शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक,भस्म अभिषेक सहित तमाम फूल व फल भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग का पूजा अर्चना करते हुए भक्त दिखाई दिए।भजन गायक विनय पांडे व भजन गायिका एड शिक्षा संस्कार ने भजन कीर्तन सुनाकर उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया।इस अवसर पर पूर्व नगर सेवक एकनाथ भोईर,पूर्व नगर सेवक अमित सरैया शामिल होकर पूजा अर्चना किया। हरि मेजर, दीपक पाठक, धनंजय सिंह, कृष्णा मिश्रा, आशीष सिंह, अशोक मिश्रा, प्रशांत दलाई, संस्कार चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा लक्ष्मी मौर्या, गीता यादव, ममता सिंह, दुर्गा सिंह,रीता यादव, सुनीता दलाई, अनीता मिश्रा, साधना पांडे, जया विश्वकर्मा,पूजा यादव, रुकमणी पटेल, हेमलता, नेहा प्रजापति, सीमा विश्वकर्मा,जयंती गुप्ता,रहिंद्र उपाध्याय,क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट के सुधीर सिंह, विजय प्रताप सिंह, मनीषा सिंह, कुलदीप तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

# मालती के साथ डिज्नीलैंड में दिखीं प्रियंका चोपड़ा

### 'द ब्लफ' की शूटिंग खत्म होने के बाद बेटी और निक जोनस के साथ बिताया क्वालिटी टाइम



हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग खत्म होने के बाद प्रियंका फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। हाल ही में उन्हें बेटी मालती मैरी और पति निक जोनस के साथ डिज्नीलैंड में देखा गया। निक और प्रियंका मालती के साथ थीम पार्क में मौज मस्ती करते हुए नजर आए।

इस दौरान वो सिक्योरिटी से घिरे नजर आए। प्रियंका-निक की मालती के साथ आउटिंग के कुछ वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

प्रियंका अक्सर मालती की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। कुछ समय पहले उन्होंने एक फोटो शेयर किया था जिसमें मालती रोटी बेलती नजर आ रही थी।

इससे पहले उन्होंने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें ढाई साल की मालती कोई गाना गुनगुनाते हुए नजर आ रही थी। इससे पहले मालती एक वीडियो में इंग्लिश में बात करती नजर आ रही थी।





उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099